आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है।
- 8वें पोषण माह की आज से शुरूआत–पीएम मातृ वंदना योजना के तहत विशेष पंजीकरण अभियान।
- द्वीपसमूह में आपातकालीन संचार प्रणाली पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया ।
- नई दिल्ली में चल रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में द्वीपसमूह की टीम ने शानदार जीत हासिल की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। श्री मोदी ने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा और सामाजिक सुधारों के महत्व को लगातार रेखांकित किया है। भाजपा केन्द्र और राज्य सरकारों के सहयोग से कल्याणकारी और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी करेगी।

<><><><><><><>

जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन के माध्यम से भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है।

<><><><><><><>

आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें दिव्य वास्तुकार और रचनात्मकता, शिल्प कौशल, परिश्रम और प्रगति के शाश्वत प्रतीक के रूप में सम्मानित किया जाता है, अपने शाश्वत सिद्धांतों से हमें निरंतर प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने सभी प्रयासों में रचनात्मकता, कौशल और नवाचार को बढ़ावा देने के अलावा एक जीवंत, सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समुदाय का निर्माण करने का प्रयास करें।

<><><><><><><>

आठवां राष्ट्रीय पोषण माह आज से शुरू हो रहा है, जो 16 अक्तूबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत विशेष पंजीकरण अभियान शुरू कर रहा है। इस सिलसिले में डीब्रेट, आई सी डी एस परियोजना कार्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके और स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जानकारी देना है। पात्र महिलाओं को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी पंजीकरण केंद्र पर नाम दर्ज कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती का फैसला किया। आज हम कृषि क्षेत्र खासकर ट्रैक्टरों पर जीएसटी दरों में किये गये सुधारों की बात करेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आपातकालीन संचार प्रणाली पर हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने द्वीपसमूह की आपातकालीन संचार और पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। तकनीकी सत्र में, विभिन्न विभागों और जिला प्रशासनों ने अपनी उपलब्ध संचार प्रणालियों का

विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पुलिस, वन, अंडमान और निकोबार कमान, एनडीआरएफ, जहाजरानी निदेशालय, बंदरगाह प्रबंधन बोर्ड, विद्युत, मत्स्य पालन, स्वास्थ्य विभागों और तीनों जिला प्रशासनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में चल रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आइलैंड स्कूल अंडर–17 फुटबॉल टीम ने अपने शुरुआती लीग मैच में तेलंगाना पर 3–0 की शानदार जीत दर्ज की। टीम का मुकाबला आज अपने दूसरे लीग मैच में असम से होगा।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, की ओर से विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर सप्ताहव्यापी कार्यक्रम चलाया गया। इस वर्ष का विषय 'विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई की ओर' था। समापन कार्यक्रम कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव नीरज भारती ने भारत शीतलन कार्य योजना और भारत सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कदमों पर प्रकाश डाला। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशक जतिंदर सोहल ने दैनिक जीवन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका के बारे मे बताया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, कानून, विज्ञान, शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के स्कूलों और कॉलेजों के 500 से अधिक छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस सप्ताह के दौरान कई आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>